रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

एन.एस.एस. इकाई तथा लायन क्लब शिमला के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में 19 मार्च 2025 को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया तथा 100 से अधिक विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल की टीम, डॉ. गंगा शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित रही और स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान को जीवन-रक्षक और मानवता की सर्वोत्तम सेवा बताया। डॉ. गंगा शर्मा ने बताया कि स्वेच्छा से रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती तथा 24 घंटे के भीतर रक्त की पूर्ति हो जाती है। लायन क्लब शिमला के अध्यक्ष मनमोहन वर्मा एवं प्रोजेक्ट अध्यक्ष लायन सुफल सूद ने बताया कि क्लब द्वारा प्रतिवर्ष जिले में कई रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि आईजीएमसी और डीडीयू अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। बीबीएमबी टेक्निकल लैबोरेटरी के कर्मचारियों तथा आईजीएमसी शिमला की चिकित्सकों की टीम ने भी शिविर में विशेष योगदान दिया और विद्यार्थियों को अंगदान के महत्व के बारे में जानकारी दी।



30 युवाओं ने किया रक्तदान, सेहत भी जांची

शिमला। लायन क्लब शिमला और चायल कोटी कालेज की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कालेज परिसर में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्रित करने के साथ 100 से अधिक विद्यार्थियों और स्टाफ के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल की डाक्टर गंगा शर्मा ने अपनी टीम सहित अपनी सेवाएं गी। प्राचार्य डाक्टर दीपशिखा भारद्वाज ने कहा कि रक्तदान एक महादान होता है जिससे किसी भी पीड़ित मनुष्य को जीवन दान मिल सकता है। डाक्टर गंगा शर्मा ने बताया कि हर व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए जिससे मानव शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती बल्कि 24 घंटे के भीतर रक्त की कमी पूरी हो जाती है। लायन क्लब शिमला के अध्यक्ष मनमोहन वर्मा और प्रोजेक्ट अध्यक्ष लायन सुफल सूद ने बताया कि शिविर बीवीपी क्लिनिकल लैबोरेटरी के कर्मियों ने विशेष भूमिका निभाई। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला के चिकित्सकों की टीम ने कालेज में शारीरिक अंगों के दान बारे जानकारी दी गई।

रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया

शिमला,(आपका फैसला)। लायन क्लब शिमला और राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को कॉलेज परिसर में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । इस शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्रित होने के अतिरिक्त एक सौ अधिक विद्यार्थियों व स्टाफ के स्वास्थ्य की जांच की गई । इस शिविर में दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल की डॉ. गंगा शर्मा ने अपनी टीम सहित अपनी सेवाएं प्रदान की गई । शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने किया । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान एक महादान होता है जिससे किसी भी पीड़ित मनुष्य को जीवन दान मिल सकता है । डॉ. गंगा शर्मा ने बताया कि हर व्यक्ति को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए जिससे मानव शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती बल्कि 24 घंटे के भीतर रक्त की कमी पूरी हो जाती है । लायन क्लब शिमला के अध्यक्ष मनमोहन वर्मा और प्रोजेक्ट अध्यक्ष लायन सुफल सूद ने बताया कि क्लब के माध्यम हर वर्ष जिला के विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है ताकि एकत्रित रक्त आईजीएमसी और डीडीयू में जरूरतमंद पीड़ित मनुष्यों के उपयोग में आ सके । इस स्वास्थ्य शिविर बीवीपी क्लिनिकल लैबोरेटरी के कर्मियों ने इस शिविर में विशेष भूमिका निभाई । इसके अलावा इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला के चिकित्सकों की टीम ने महाविद्यालय में शारीरिक अंगों के दान बारे जानकारी दी गई ।

3 शिमला, वीरवार, 20 मार्च 2025
www.dainiksaveratimes.com

चायल–कोटी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर दौरान 30 यूनिट रक्त एकत्रित

सवेरा न्यूज/ कुलदीप, शिमला, 19 मार्च : शिमला में लायंस क्लब शिमला ने चायल-कोटी महाविद्यालय में रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डीडीयू की टीम ने महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा दान किए गए 30 यूनिट रक्त को एकत्रित किया। इसके अलावाए बीवीपी क्लीनिकल लैबोरेटरी शिमला के सहयोग से निःशुल्क रक्त परीक्षण किए गए, जिसमें मधुमेह रोगियों, हीमोग्लोबिन, पीपी, सीबीसी आदि से संबंधित रक्त परीक्षण किए गए। इस शिविर में 105 व्यक्तियों को लाभ मिला। आईजीएमसी के डॉक्टरों द्वारा अंगदान जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें अंगदाता बनकर दूसरों के जीवन में आशा एवं दूसरा मौका प्रदान करने के बारे में बताया गया। इस शिविर में लायंस क्लब शिमला के अध्यक्ष लायन मन मोहन वर्मा, प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन सुफल सूद, सचिव लायन एमके शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।